WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 02 मेरठ, गुरुवार 15 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# झमाझम बारिश से मेरठ के बाजारों में भरा पानी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** 15 दिन की देरी से मानसून ने पश्चिमी यूपी में दस्तक दे दी है। आज बुधवार को तेज बारिश हुई। इसके अलावा पश्चिमी यूपी के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई है। बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया है तो वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बताया गया कि बारिश न होने के कारण लगातार गर्मी का असर बढ़ता जा रहा था। इस मानसूनी सीजन में मेरठ में करीब 49 प्रतिशत बारिश कम हुई। जिससे फसलें भी प्रभावित हो रही थी। वहीं बुधवार को सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से यहां तापमान में गिरावट आई है और मौसम खुशनुमा हो गया है। बारिश होने से शहरवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

कृषि अनुसंधान संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डश्वक्टर एन सुभाष का कहना है कि जोरदार दस्तक के साथ मानसून की बारिश से मौसम बदल गया है। उन्होंने कहा कि अभी दो-तीन दिन तक मध्यम बारिश होने के आसार है। शहर में नालों की सफाई की पोल मानसून की पहली बारिश ने ही खोल दी।

जहां गली मोहल्लों में भारी जलभराव हो गया, वहीं नाले उफन कर सड़कों पर बहने लगे। शहर के निचले इलाके ही नहीं बल्कि ऊपरी इलाकों में भी जलभराव हो गया। यानी सीधे-सीधे नगर निगम द्वारा नाला सफाई पर खर्च किए गए करोड़ों रुपये बारिश के पानी के साथ बह गए। शहर के बड़े नाले ओडियन, आबू नाला प्रथम और आबू नाला द्वितीय ओवरफ्लो हो गए। ओड़ियन नालों के आसपास ब्रह्मपुरी सहित कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव हो गया है। वहीं सरधना क्षेत्र में भी आज सुबह हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। हालांकि इसके कुछ देर बाद तेज बारिश हुई। बताया गया कि यहां करीब एक घंटे से अधिक बारिश होने के कारण सड़कों पर जलभराव हो गया। वहीं कुछ नालों की साफ-सफाई न होने के कारण नालों का दूषित पानी भी सड़कों पर आ गया, इससे नगर की सड़कें तालाब में तब्दील होती दिखाई दी।







# 24 घंटे में आए 38792 नए कोरोना केस, केरल में मिले 14539 मरीज

**नई दिल्ली एजेंसी।** देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या भले ही तेजी से कम हो रही हो, लेकिन दक्षिण भारत में कोरोना का बढ़ता ग्राफ चिंता बढ़ाने वाला है. देश के कई राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट मिलने से कोरोना की तीसर लहर का खतरा बढ़ गया है. स्वास्थ्य मंत्रालय Health Ministry के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना द्धब्वतवदंऋ संक्रमण के 38 हजार 792 नए केस सामने आए हैं, जबकि इस दौरान 624 मरीजों को अपनी जान गंवानी पड़ी है. कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद अब देश में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या अब 3 करोड़ 9 लाख 46 हजार 74 हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना से 4 लाख 29 हजार 946 एक्टिव केस हैं, जबकि 3 करोड़ 1 लाख 4 हजार 720 लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं. वहीं अब तक कोरोना से 4 लाख 11 हजार 408 लोगों की मौत हो चुकी है. देश में अब तक 38,76,97,935 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है. पिछले 24 घंटे में 37,14,441 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है। महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 7,243 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 61,72,645 हो गई. इसके अलावा 196 और रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या 1,26,220 तक पहुंच गई है. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सोमवार शाम से लगभग 10,978 लोगों को संक्रमण मुक्त होने के बाद छुट्टी दी गई, जिसके बाद ठीक हो चुके लोगों की तादाद 59,38,734 हो गई। केरल में मंगलवार को कोरोना के 14,539 नए मामले सामने आए केरल में मंगलवार को कोविड-19 के 14,539 नए मामले सामने आए, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 30,87,673 हो गई. वहीं, पिछले 24 घंटे में 124 और मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 14,810 हो गई. स्वास्थ्य मंत्री वीणा जश्वर्ज ने एक बयान में बताया कि मालापुरम में सबसे ज्यादा 2,115 मामले सामने आए हैं. इसके बाद एर्नाकुलम में 1,624 और कोल्लम में 1,404 मामले सामने आए. मंगलवार को 10,331 मरीज संक्रमण मुक्त भी हो गए, जिसके बाद कुल स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 29,57,201 हो गई. राज्य में 1,15,174 मरीजों का उपचार चल रहा है।

# चोरी की गाड़ी काटने वाले भाइयों की तलाश जारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सोतीगंज में चोरी की गाड़ी काटने वाले तीन सगे भाईयों समेत चार कबाड़ियों की तलाश में रात में पुलिस ने दबिश दी। चारों कबाड़ी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। पुलिस के मुताबिक सोतीगंज में शिंकजा कसने पर भी गददू, मोहसिन, जीशान उर्फ पव्वा, शोएल उर्फ सीना चोरी की गाड़ियां लगातार काट रहे हैं। इसकी सूचना एसएससी प्रभाकर चौधरी को मिली। जिस पर मंगलवार आधी रात को सदर बाजार पुलिस ने इन चारों कबाड़ी की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी है। बताया कि गददू, मोहसिन, जीशान उर्फ पव्वा तीनों भाई हैं, जो कि सोतीगंज में रहते हैं। जबकि चौथा आरोपी शोएल उर्फ सीना जली कोठी स्थित पटेल नगर में रहता है। चारों की तलाश में पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वह अपने घर से फरार मिले।स्पेशल 75 पुलिस वालों से जानकारी लेने के बाद ही कबाडियों पर शिकंजा कसने की तैयारी की गई है। अब सोतीगंज में चोरी का वाहन काटने पर पुलिस ने पूरी तरह से पाबंदी लगा दी। लाइन में प्रशिक्षण ले रहे स्पेशल 75 पुलिस वालों से भी सोतीगंज की जानकारी ली गई है। उसके बाद ही सोतीगंज पर शिकंजा कसने की पुलिस द्वारा तैयारी की गई है। सोतीगंज में चोरी के वाहन काटने वाले कौन-कौन कबाड़ी वांछित है। पहले उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। एसपी सिटी विनीत भटनागर का कहना है कि शातिर कबाड़ियों के यहां पर दबिश दी गई थी, लेकिन वह नहीं मिले।

# न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, कचहरी से जलूस निकालकर जनपद न्यायाधीश को दिया ज्ञापन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति, पश्चिमी उप्र की बैठक में लिए गए निर्णय बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय विधिक परिषद नियमावली में किए गए संशोधन के विरोध में बुधवार को मेरठ में भी अधिवक्तागण न्यायालयों में समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहे। मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर सिंह त्यागी एवं महामंत्री सचिन चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्तागणों द्वारा सम्पूर्ण कचहरी परिसर में बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा पारित संशोधनों के विरोध में जलूस निकालकर जनपद न्यायाधीश, मेरठ के माध्यम से बार कौंसिल ऑफ इंडिया एवं बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को उक्त संशोधनों को रद्द किए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया। इस दौरान मेरठ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अजय त्यागी, पूर्व महामंत्री कुंवर पाल शर्मा, अनिल जंगाला, संदीप सिंह, आशीष चौरसिया, नीरज सोम, रविंद्र सिंह वर्मा, शिवम गुप्ता, पंकज गुप्ता, जाहिद अंसारी, सचिन भारद्वाज आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# यूपी एटीएस ने किया बड़ा खुलासा जनपद मुजफ्फरनगर का भी निवासी गिरफ्तार


मोहम्मद मुस्तकीम

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी एटीएस ने अंसार गजवातुल हिन्द मॉड्यूल से सम्बंधित 3 अन्य व्यक्ति जो गिरफ्तार किये हे उनमें जनपद मुजफ्फरनगर किताबी थाना क्षेत्र के गांव मांडी का मोहम्मद मुस्तकीम भी शामिल हे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश और केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

**दिल्ली एजेंसी।** कोरोना संकट के बीच कांवड़ यात्रा को अनुमति दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से यूपी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया गया है। शीर्ष अदालत ने सरकारों को नोटिस जारी कर कांवड़ यात्रा को परमिशन दिए जाने को लेकर जवाब मांगा है। अदालत ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करने का फैसला लिया है। जस्टिस आर.एफ नरीमन की बेंच ने इस मामले का स्वतरू संज्ञान लेते हुए केंद्र और यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। अब शीर्ष अदालत ने इस मामले की इस सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तारीख तय की है। जस्टिस आर.एफ. नरीमन ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमने परेशान करने वाली खबर पढ़ी है कि यूपी सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे रही है, जबकि उत्तराखंड सरकार ने इस पर रोक लगाई है। बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना से निपटने के लिए सख्ती बरतने की जरूरत बताई है। वहीं यूपी सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे रही है। शीर्ष अदालत ने यूपी, उत्तराखंड और केंद्र सरकार से इस मामले पर शुक्रवार सुबह तक जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि 25 जुलाई से कांवड़ यात्रा की शुरुआत होनी है। ऐसे में इस अहम मुद्दे पर जल्दी सुनवाई होना जरूरी है।

# अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी का सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत







**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ पहुँचने पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी का बिजली बम्बा चौकी पर मंडल मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के नेतृत्व मे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बहुत जोरदार पुष्प वर्षा करते हुए पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सैफी संघर्ष समिति के अध्यक्ष रहीसुद्दीन सैफी के नेतृत्व मे एल ब्लॉक चुंगी पर सैफी समाज के सैकड़ों लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सर्किट हाऊस पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने कार्यकर्ताओं के साथ भेंट की। जन सुनवाई करते हुए, दूर दराज से आये पीड़ितों की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुनकर मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया। समीक्षा बैठक के दौरान आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने कहा कि हम श्सभी को न्यायश ,तुष्टीकरण किसी को नहीश की नीति पर विश्वास रखते हैं समीक्षा बैठक मे जिले के प्रशासनिक अधिकारियों मे, मुख्य विकास अधिकारी अल्पसंख्यक कल्याण , समाज कल्याण , सिटी मजिस्ट्रेट , ए. डी.एम. सिटी , एस.पी.सिटी , नगर स्वास्थ्य , जन सूचना , एस.पी. ट्रैफिक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने निर्देशित किया की अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतू संचालित केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए समाज के अंतिम पायदान तक बैठे हुए व्यक्तियों तक लाभ पहुँचाया जाये और मदरसों का आधुनिकरण किया जाये , कुरान के साथ हिंदी , अंग्रेजी , गणित , विज्ञान , को भी पढ़ाया जाये क्योंकि कुरान पढ़कर व्यक्ति अच्छा और सच्चा इंसान तो बन सकता है लेकिन डॉक्टर , इंजीनियर , अध्यापक , वकील बनने के लिये अंग्रेजी और विज्ञान जरूरी है। आयोग के अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिए कि अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु कोरोना के कारण हुई है ऐसे अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलायें , अल्पसंख्यक मोहल्ले व मदरसों मे वैक्सीनेशन कैम्प के लिये भी निर्देशित किया। अशफाक सैफी ने कड़े ने शब्दों मे कहा कि वक्फ बोर्ड की जमीनों पर अवैध ा कब्जे कतई बर्दाशत नही किये जायेगें एसे लोगो को चिन्हित करके कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सरदार सरबजीत सिंह कपूर को सिक्ख समाज के लोगों के अल्पसंख्यक जाति के प्रमाण पत्र भी वितरित किये। नायब शहर काजी ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता काजी शादाब ,नासिर सैफी ,असलम सैफी, दिलशाद चौहान ,आसिफ सैफी , दानिश खान अलवी ,मुख्तियार अली गुड्डू , अबरार अहमद , डॉ यूनुस सैफी , रिजवान सैफी , आकाश शर्मा , आदि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पं0 आशु शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं0 आशु शर्मा ने बताया कि व्यापारी आज बदहाल स्थिति में है सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार की मदद व्यापारी समाज के लिए नहीं की गई सभी प्रकार का टैक्स देने वाला व्यापारी आज आत्महत्या की स्थिति पर खड़ा है। लॉकडाउन के दौरान व्यापारियों पर दर्ज मुकदमे भी अभी वापस नहीं हुए पिछले वर्ष मुख्यमंत्री ने आदेश करा था परंतु पिछले वर्ष के मुकदमे भी वापस नहीं हो पाये इस वर्ष भी बड़ी संख्या में व्यापारियों पर लॉकडाऊन उलंघन के मुकदमे दर्ज कर व्यापारियों को अपराधी बनाने की साजिश की गई। शनिवार तथा रविवार 2 दिन का लॉकडाउन व्यापारियों की कमर तोड़ने का काम कर रहा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के द्वारा 7 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को मांग पत्र दिया गया व्यापारियों को तत्काल राहत पैकेज की घोषणा की जाए। लॉकडाउन के दौरान व्यापारियों पर दर्ज मुकदमो को तुरंत वापस लिया जाए। व्यापारियों का पांच लाख तक का सरकारी योजनाओं से लिया गया लोन माफ किया जाए। व्यापारियों के बंद दुकानों का बिजली का फिक्स चार्ज माफ किया जाए। व्यापारियों को 25 लाख रुपए तक का लोन बिना बैंक गारंटी के सब्सिडी के आधार पर दिया जाये। व्यापारियों के बैंक लोन की किस्त पर पर लगी पेनल्टी माफ की जाए। शनिवार तथा रविवार का लॉकडाउन समाप्त किया जाए। पं0 आशु शर्मा ने कहा कि सरकार पूर्ण रूप से व्यापारी विरोधी कार्य कर रही है पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल किसी भी सूरत में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं करेगा अगर जल्द ही व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करेगा। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे सरदार मंजीत सिंह कौछड, सुमेर सिंह धार, पीयूष वशिष्ठ,जिला अध्यक्ष विजय ओबरॉय महानगर अध्यक्ष नीरज कौशिक,शहर अध यक्ष हाजी शारिक, महानगर अध्यक्ष युवा डॉ अलमास, धर्मेंद्र मलिक, विजय राठी, आदिश अग्रवाल, शन्नी गुप्ता, ललित चौहान मंसुर भाई,असफाक प्रधान, चंद्र प्रकाश शर्मा,अय्यूब कुरैशी आसिफ खान इनाम अंसारी मन्नू कौशिक, हिमांशु वत्स,मुकेश यादव, गौरव वासु,अमित बंसल, राजीव पाराशर, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुखों का स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तथा नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुज राठी ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश मंत्री विजेन्द्र नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव कुसैडी, पश्चिम उपाध्यक्ष हरेन्द्र, मंत्री इंदरपाल बजरंगी के साथ महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल आदि सहित जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने की कांवड यात्रा व ईद उल अजहा की तैयारियों की समीक्षा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुषल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर कांवड यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराये। सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यो को समय से पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि कांवडियो को मार्ग सुगम व सुरक्षित बनायें। उन्होने बताया कि आगामी 25 जुलाई से कांवड यात्रा प्रारंभ होगी। उन्होने ईद उल अजहा बकरीद की तैयारियों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने कहा कि कांवड मार्ग पर जो भी शिविर कांवडियो की सेवा के लिए लगाया जाये उसकी अनुमति आवष्यक रूप से संबंधि ात शिविर संचालक द्वारा प्राप्त की जाये। उन्होने कहा कि कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले अवैध कट को प्राथमिकता पर बंद कराया जाये। उन्होने कहा कि ईद उल अजहा द्धबकरीदत्र के त्यौहार के ष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये तथा त्यौहार के दिन अवशेष का निस्तारण ठीक प्रकार व समय से किया जाये। जिलाधिकारी ने सिचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देषित किया कि नहरों के पास गोताखोरों, लाइफ जैकेट आदि की पूर्ण व्यवस्था रखें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देषित किया कि वह कांवड़ मार्ग पर चिकित्सीय कैम्प लगवायें तथा वहां पर एम्बुलेंस सहित चिकित्सीय दल एवं सभी आवष्यक दवाओं के साथ एंटी वेनम दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखें। उन्होने कहा कि जलाभिषेक के लिए औघडनाथ मंदिर में विशेष तैयारियां समय से पूर्ण करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड मार्ग में पड़ने वाले शिविरोध्होटलो में रेट लिस्ट आवष्यक रूप से प्रदर्षित कराये तथा कांवड मार्ग में पड़ने वाली सभी मांस की दुकाने कांवड यात्रा के दौरान बंद रखी जाये। उन्होने कहा कि कांवड मार्ग को गड्ढा मुक्त कराये। उन्होने निर्देष दिये कि कांवड़ मार्ग में जल भराव न हों यह सुनिष्चित किया जाये। उन्होने कहा कि कांवड मार्ग में ग्रामीण क्षेत्रो में पथ प्रकाश की व्यवस्था जिला पंचायत कराये। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जिन मार्गो पर रूटो का डायवर्जन किया जाना है उनको अभी से चिन्हित करें ताकि आम जन को उसकी जानकारी हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़कों पर अनाधि त कटों को प्राथमिकता



पर बंद करें। उन्होने कहा कि कांवड मार्ग में अगर कहीं झाड़िया बढी हुयी है तो उसको सिंचाई व वन विभाग प्राथमिकता पर कटवाये। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह कावड़ मार्ग पर पड़ने वाले सभी जर्जर तारों को शीघ्र बदलवायें तथा ढीले तारों को कसवायें और कावंड़ कैंपों में विद्युत कनेक्षन देने से पहले सुरक्षा मानकों का पूर्ण ध्यान रखा जाये। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को कांवड मार्ग में आने वाले विद्युत खम्बों को 08 फीट तक प्लास्टिक से कवर कराने व ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग कराने के लिए निर्देषित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण कांवड मार्ग का संयुक्त निरीक्षण करें तथा कहीं अगर किसी कार्य में सुधार की आवष्यकता है तो उसको समय से पूर्ण कराया जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि अगर उन्हें उनके कार्य संपादन में किसी प्रकार की दिक्कत है तो वह उनको समय से अवगत कराये ताकि उनकी समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों से उनके क्षेत्र में पड़ने वाले कांवड मार्ग व उसके अनुरूप उनकी कार्य योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होने सिंचाई, पीडब्लूडी, विद्युत, वन विभाग, उप जिलाधिकारी मवाना व सरजना से उनकी कार्य योजना की जानकारी ली व आवष्यक दिषा-निर्देष दिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चोधरी ने कहा कि जनपद में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने कांवड यात्रा व बकरीद के ष्टिगत पुलिस अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह जिले के संवेदनशील इलाकों में विशेष नजर रखें और पूर्व में घटित घटनाओं को संज्ञान रखते हुए विशेष चौकसी बरते। उन्होने कहा कि कांवड यात्रा के दौरान गोताखोरो की व्यवस्था की जाये। उन्होने कहा कि कांवड मार्ग में नहर की चौड़ाई में एक छोर से दूसरे छोर रस्सा बांधा जाये ताकि कांवडियो को सुरक्षा प्रदान हो। एसपी यातायात जितेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि कांवड यात्रा के दौरान भैंसाली अड्डा बंद रहेगा तथा रोडवेज बसो का संचालन सोहराब गेट बस अड्डे से किया जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ शषांक चौधरी, नगरायुक्त मनीष बंसल, अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी, प्रशासन मदन सिंह गर्ब्याल, वित्त सुभाष चन्द्र प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट एस0के सिंह, एसपी सिटी विनीत भटनागर, एसपी यातायात जितेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेष मोहन, उप जिलाधिकारी सदर संदीप भागिया, मवाना कमलेश गोयल, सरधना अमित कुमार भारतीय, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष मुजफ्फरनगर डॉक्टर वीरपाल निर्वाल से खास बातचीत अमरदीप वर्मा के साथ

## ❑ गंगा की अविरल धारा शुक्रताल की पावन धरती पर लाना प्रमुख उद्देश्यः डा वीरपाल निर्वाल

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के नवनियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने हिंदुस्तान लाइव टुडे न्यूज चौनल और मेरठ दर्पण दैनिक समाचार पत्र से विशेष बातचीत करते हुए बताया कि उनका उद्देश्य संपूर्ण जनपद में विकास कराना है और शुक्र तीर्थ नगरी शुक्रताल में भी गंगा की अविरल धारा को लाना उनका मुख्य उद्देश्य है ईश्वर की पा रही तो 1 वर्ष के अंदर अंदर लक्सर के द्वारा आने वाली गंगा की अविरल धरा शुक्रतल की पावन धरती पर अवतरित होगी उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है वे उस पर पूर्ण खरा उतरने का प्रयास करेंगे देखिए विशेष बातचीत अमरदीप वर्मा के साथ ने हिंदुस्तान लाइव टुडे से विशेष बातचीत



जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल के साथ विशेष साक्षात्कार अमरदीप बर्मा के साथ



हिंदुस्तान लाइव टुडे के संपादक एवं मेरठ दर्पण के ब्यूरो चीफ अमरदीप वर्मा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को भेंट किया सम्मान प्रतीक चिन्ह, इस अवसर पर जिला मंत्री वैभव त्यागी भी मौजूद रहे

करते हुए बताया कि उनका उद्देश्य संपूर्ण जनपद में विकास कराना है और शुक्र तीर्थ नगरी शुक्रताल में भी गंगा की अविरल धारा को लाना उनका मुख्य उद्देश्य है उन्होंने कहा कि ईश्वर की पा से जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है वे उस पर पूर्ण खरा उतरने का प्रयास करेंगे देखिए विशेष बातचीत अमरदीप वर्मा के साथ।

## सेट जेम्स स्कूल में छात्र प्रतिनिधि समारोह का आयोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** छात्र प्रतिनिधि समारोह 2021-2022 मेरठ कंकरखेड़ा सुभाषपुरी स्थित सेट जेम्स स्कूल में छात्र प्रतिनिधि समारोह का आयोजन ऑनलाइन किया। गया 2 जुलाई, 2021 को छात्र प्रतिनिधियों की चुनाव प्रक्रिया भी ऑनलाइन की गई थी। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के छात्रों ने अपने प्रतिनिधियों के चुनाव में बढ़ - चढ़कर भाग लिया, 3 जुलाई,2021 को चुनाव परिणाम घोषित किया गया कक्षा 10 के छात्र कार्तिकेय तेवतिया को हैड बॉय, कक्षा 10 की छात्रा कनन चौधरी को हैड गर्ल,कक्षा 9 के छात्र राहम को वाइस हैड बॉय व कक्षा 9 की स्रस्टी साहनी को वाइस हैड गर्ल के लिए, चयनित किया गया। मधुसचालन का कार्य भार विद्यालय कॉर्डिनेटर सिम्मी सबरवाल ने सम्भाला। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य डॉ० नवीन सिंह द्वारा की गई ओपनिंग प्रेयर से किया गया। सभी निर्वाचित छात्रो को उनके माता पिता द्वारा शेश पहनाया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डॉ० नवीन सिंह ने सभी निर्वाचित छात्र प्रति निधियों को हार्दिक शुभकानाए दी गई तथा सभी नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को प्रधानाचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई।




प्रधानाचार्य ने सभी नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया साथ ही बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। हैड मिस्ट्रेस अर्पणा सिंह व डाइ सोनिया रावात ने सभी छात्र प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों, अभिभावको व शिक्षको का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान द्वारा किया गया।

## समाज सेविका शकुंतला गुप्ता की स्मृति में लगाये पौधे

**मेरठ दर्पण-बागपत।** पर्यावरण एवं जल संरक्षण दल के कार्यकर्ताओं ने समाज सेविका स्वर्गीय शकुंतला गुप्ता की स्मृति में जगह-जगह वृक्षारोपण किया और लोगों को वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण दल के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह तुगाना ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। इसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कहा कि पेड़ों से हमें फल, फ्रूट, औषधि व ईधन की प्राप्ति होती है। पौधे कार्बन- डाइ-ऑक्साइड गैस ग्रहण करते हैं और उसके बदले में हमें ऑक्सीजन गैस देते हैं, जो मानव के लिए जीवनदायिनी है। इसलिए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कहा कि केवल पौधा लगाना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी परवरिश करना भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। कहा कि सभी लोगों को पेड़ों की परवरिश अपने पुत्रों की तरह करनी चाहिए।

## सिवाया टोला प्लाजा कर्मचारियों को लगी पहली डोज

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल प्लाजा पर कोरोना महामारी को देखते हुए सभी स्टाफ को को कोविशिल्ड वैक्सीन लगवाई गई। जिसमें कुछ कर्मचारियों को सेकंड और कुछ कर्मचारियों को पहली डोज लगी। सीनियर मैनेजर प्रदीप चौधरी ने बताया कि 100 कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाई गई और कर्मचारियों को आने वाले नए वायरस से सावधान रहने को कहा। 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी समय-समय पर हाथ धोएं सैनिटाइजर का प्रयोग करें सभी कर्मचारियों को हिदायत दी। इस दौरान साथ रहे सुरक्षा अधिकारी



मनिंदर विहान ,सीएसआर अश्विनी चौहान, स्टाफ नर्स रेनू डैनियल, रिंकी, राजकमल, अश्वनी चौधरी आलोक पांडे मनोज तेवतिया आदि।

## मुख्यमंत्री उ0प्र0 ने टोक्यो ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियो व अभिभावको को दी शुभकामनाएं

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने टोक्यो ओलंपिक में देश व प्रदेश का नेतृत्व करने वाले होनहार व प्रतिभावान मेरठ के पांच सहित प्रदेष के दस खिलाड़ियो से वर्चुअल संवाद कर उन्हें ओलंपिक में पदक जितने के लिए शुभकामनाएं व आर्षीवचन दिया। उन्होने कहा कि आप अच्छे से अच्छा प्रदर्षन ओलंपिक में कीजिए प्रदेष सरकार आपके साथ है। इस संवाद में खिलाड़ियो के साथ उनके अभिभावक भी जुडे रहे। मुख्यमंत्री ने खिलाडियो के अभिभावको को भी शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि टोक्यो ओलंपिक में प्रदेश के दस खिलाडी कर रहे प्रतिभाग कर रहे है। उन्होने कहा कि आपको देखकर युवा प्रेरित होंगे। मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियो से कहा कि आपकी हर समस्याओं का समाधान प्रदेश सरकार करेंगी। उन्होने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतकर आईये ऐसी मेरी शुभकामनाएं है। उन्होने कहा कि ओलंपिक के बाद लखनऊ में एक सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें आपके अभिभावको को भी आमंत्रित किया जायेगा। उन्होने कहा कि आपका प्रषिक्षण



व अभ्यास ठीक चल रहा है, जिस पर खिलाडियो ने कहा कि वह पूरे जोष से देष व प्रदेश का नाम ऊंचा करने के लिए ओलंपिक में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री ने मेरठ के सौरभ चौधरी शूटिंग, अनु रानी एथलेटिक्स, प्रियंका गोस्वामी एथलेटिक्स, सीमा पुनिया एथलेटिक्स व वंदना कटारिया महिला हॉकी टीम सहित प्रदेश के सभी दस खिलाडियो से वर्चुअल संवाद किया। उल्लेखनीय है कि टोक्यो ओलंपिक में प्रदेश के दस खिलाडी प्रतिभाग कर रहे है, जिसमें मेरठ के पांच, बुलंदषहर के तीन, चंदौली का एक व बनारस का एक खिलाडी है। मेरठ मंडल के कुल आठ खिलाडी है, जिसमें मेरठ के पांच व बुलंदषहर के तीन खिलाडी है। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी आले हैदर ने बताया कि प्रदेश सरकार ने टोक्यो ओलंपिक में एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जितने वाले खिलाडी को रू0 06 करोड़, रजत पदक जितने वाले को रू0 04 करोड़ व कांस्य पदक जितने वाले को रू0 02 करोड़ देने की घोषणा की है। उन्होने बताया कि प्रदेष सरकार ने टोक्यो ओलंपिक में एक टीम द्वारा प्रतियोगिता जितने पर भी पुरस्कार राशि की घोषणा की है, जिसमें टीम के स्वर्ण पदक जितने पर प्रदेश के खिलाडी को रू0 03 करोड़, टीम के रजत पदक जितने पर प्रदेष के खिलाडी को रू0 02 करोड़ व टीम के कांस्य पदक जितने पर प्रदेष के खिलाडी को रू0 01 करोड़ की धनराषि से पुरस्‌ त करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर प्रदेश के प्रतिभावान खिलाडी, क्रीडा विभाग के अधिकारी व खिलाडियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय के छात्र बना रहे है मोबाइल ऐप

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवम इंजीनियरिंग विभाग में "पियर टू पियर लर्निंग" पहल के तहत चल रहे षस्किल डेवलपमेंट प्रोग्रामष दिनांक १४ जुलाई २द्द२१ को सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। कार्यत्क्रम की शुरुआत माननीय कुलपति प्रोफ. एपी गर्ग जी के आर्शीवचनो के साथ हुई। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा की आज की तारिख में स्किल की ही कदर है और यह अच्छी बात है की हमारे विद्यार्थी बड़ी लगन से अपने स्किल में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी कर रहे है ।उन्होंने यह भी कहा की यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है क्योंकि इसमें विद्यार्थी ही विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देता है। बी०टेक, कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थी तनिष्क चंद्रा ने प्रशिक्षक के रूप में अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। विद्यर्थियो ने इस प्रोग्राम की मदद से बेसिक पाइथन प्रोगरामिंग और ऐप्स डेवलपमेंट यूसिंग फ्लटर का प्रशिक्षण प्राप्त किया।कर्यक्रम के अंतिम दिन विद्यार्थियों



ने अपने द्वारा बनाये गए ऐप को दर्शाया जिनमे एज कैलकुलेटर , वर्ड सीकर, कोरोना ट्रैकर, क्रिप्टो रैंकिंग, गीता आदि विभिन्न ऐप शामिल है । ऐप को दर्शाते वक्त विद्यार्थियो का हौसला चरम सीमा पर था । अंत में माननीय कुलपति प्रो गर्ग के द्वारा तनिष्क चंद्र को उसके सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया एवं सभी प्रतिभागयो को सर्टिफिकेट दिया गया । कार्यक्रम के आयोजक राजेश पांडेय ने बताया की इस तरह के प्रोग्राम साल में दो बार हुआ करेंगे और विद्यार्थी अलग अलग स्किल्ल्स पे अच्छे प्रोजेक्ट बना पाएंगे । कार्यक्रम में शोभित विश्वविद्यालय के डीन डॉ शशि सिंह, कुलसचिव मित्रानंद बहुगुणा , विभागाध्यक्ष डॉ ममता बंसल, अविनव पाठक , डॉ विजय माहेश्वरी, पवन कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे ।

# नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा नगर मे 92 लाख रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास से जनता में खुशी की लहर





मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा
**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा शहर वासियों को 92 लाख रुपयों की सौगात दी गई नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के द्वारा सभासदगण एवं पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नगर क्षेत्र के कई वार्डो में निरंतर हो रही बरसात के बीच ही लगभग 76 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सड़कों का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त पालिका द्वारा नवीन मंडी स्थल पर संचालित कान्हा पशु आश्रय स्थल पर अंकन 16 लाख २द्द हजार रुपए की लागत से आपूर्ति की गई आधुनिक कैटल कैचर गाड़ी का लोकार्पण भी किया गया। इस प्रकार कुल लगभग 92 लाख रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत पालिका अध्यक्षा द्वारा की गई। कैटल कैचर गाड़ी का पालिका अध्यक्ष द्वारा पूजन करने के बाद विपुल भटनागर सभासद के द्वारा गाड़ी को चाबी लगाते हुए स्टार्ट करते हुए शुभारंभ किया गया साथ ही आश्रय स्थल पर गाय का पूजन करते हुए विपुल भटनागर द्वारा उसके गले में घंटी बाँधी गई तथा नगरीय शांति व्यवस्था की कामना की गई। राहुल पवार सभासद वार्ड संख्या ११ मोहल्ला भर्तियां कॉलोनी में चक्की वाली गली में ओमेगा होटल वालों के मकान के पास तथा वार्ड संख्या ३४ विकल्प जैन सभासद के वार्ड में नई मंडी स्थित माडी की धर्मशाला के पास तथा वार्ड संख्या ७ नवनीत कुचल मान्य सभासद के वार्ड में स्टेशन के सामने बीच की गली में तथा इन्हीं के वार्ड में अंसारी रोड से बगल में गुलशन के मकान से सरदार तीरथ सिंह के मकान तक की सीसी सड़कों एवं आरसीसी नालियों के निर्माण कराए जाने का पालिका अध्यक्ष द्वारा शिलान्यास किया गया। सड़कों के शिलान्यास के समय सभासद गण एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा ढोल नगाड़ों के बीच नारियल तोड़कर शुभारंभ किया गया। स्थानीय नागरिकों के द्वारा पालिका अध यक्ष महोदय को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद भी दिया गया । इस अवसर पर अंजू अग्रवाल के साथ विपुल भटनागर, नवनीत कुच्छल, राहुल पवार, विकल्प जैन, अरविंद धनगर सभासद गण के अलावा अशोक ढींगरा, मनोज बालियान, स्टेनो अध यक्ष गोपाल त्यागी एसके बिट्टू जयपाल सिंह, राजेश कुमार, अवनीश कुमार एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## अर्वाचीन इंटरनेशनल स्कूल में लगा निः शुल्क करोना टीकाकरण कैंप



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा
**मुजफ्फरनगर।** रामपुरम अर्वाचीन स्कूल में लायंस क्लब मुजफ्फरनगर सेंट्रल एवं अर्वाचीन स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से बवअपक -19 से बचाओ तथा नियंत्रण हेतु 18 नागरिकों के लिए निरूशुल्क टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल सिंह निर्वाल एवं जिलाध्यक्ष भाजपा विजय शुक्ला द्वारा किया गया। कैंप आयोजन में स्कूल प्रबंधक सतीश शर्मा, सचिव मानव शेखर, सौरभ गोयल, नीलकमल पुरी, सुधीर गोयल, नरेश शर्मा, सचिन सिंघल, अजय चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डॉ गीतांजलि द्धस्वास्थ्य विभागऋ द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया तथा मास्क व आपस में उचित दूरी बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। वार्ड सभासद परवेज आलम, डॉ संजीव कुमार, प्रधानाचार्य वीना शर्मा, ठा. परंजय चौहान एड, शरद मित्तल, रामकुमार शर्मा, दीपक कुमार ने प्रचार प्रसार कर क्षेत्रवासियों को टीका लगाने हेतु जागरुक कर अपना सहयोग प्रदान किया।

## ईरान के तेहरान में हो रही वालीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में मुजफ्फरनगर के तीन खिलाड़ी ट्रायल हेतु चयनित



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा
**मुजफ्फरनगर।** जिला वालीबाल संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सूरज प्रकाश मलिक एवं सचिव एस मुजम्मिल हुसैन ने बताया कि आगामी दिनांक 24 अगस्त 2021 से 2 सितंबर 2021 तक ईरान की राजधानी तेहरान में आयोजित की जा रही एफ आई वी बी पुरुष 19 वर्षीय वालीबाल वर्ल्ड चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, उपरोक्त वर्ल्ड चौंपियनशिप में भारत के खिलाड़ियों का चयन 22 एवं 23 जुलाई 2021 को उड़ीसा में किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश के 19 वर्षीय वालीबॉल खिलाड़ी भी सहभागिता करेंगे। उपरोक्त वर्ल्ड वालीबॉल चौंपियनशिप हेतु मुजफ्फरनगर जनपद के 19 वर्षीय प्रतिभाशाली होनहार वालीबाल खिलाड़ी अंशुल ठाकरान निवासी ग्राम चांदपुर, तैयब चौधरी निवासी ग्राम खतोला एवं हर्ष चौधरी निवासी ग्राम मखियाली का चयन जनपद मुजफ्फरनगर से करके कानपुर भेजा गया है। कानपुर से उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के प्रांतीय अवैतनिक महासचिव सुनील कुमार तिवारी द्वारा उत्तर प्रदेश के वालीबाल खिलाड़ियों का चयन करके उड़ीसा भेजेंगे एवं उड़ीसा से अंतिम चयन प्रक्रिया में चयनित भारतीय वालीबाल खिलाड़ियों को तेहरान भेजा जाएगा। इन सभी खिलाड़ियों का पासपोर्ट भी तैयार है जबकि एक खिलाड़ी ग्राम किनौनी निवासी हर्षित बालियान का पासपोर्ट तैयार न होने के कारण फिलहाल मुजफ्फरनगर जनपद से इसका नाम रोका गया है। मुजफ्फरनगर जनपद से चयनित खिलाड़ियों अंशुल ठाकरान, तैयब चौधरी और हर्ष चौधरी का जिला वालीबाल संघ मुजफ्फरनगर द्वारा बधाई दी गई है एवं स्वागत किया गया है।।



**आगामी त्योहारों के मद्देनजर मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर एलआईयू एवं पुलिस टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट**

## कावड़ यात्रा के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक से मिलने कावड़ शिविर संचालकों के साथ की बैठक



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा
**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में सुबह के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश अनुसार कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए मुजफ्फरनगर में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है और सभी तरह से आवश्यक कार्यवाही के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं जिस से संबंधित सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह व सीओ सिटी कुलदीप कुमार सिंह ने जिला पंचायत सभागार में कांवड शिविर संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी सुझाव को आमंत्रण के लिए कहा गया सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह ने कावड़ यात्रा में किसी भी तरह की कोई भी समस्या ना हो उसके लिए पूरी तरह से बिंदुवार चर्चा की बैठक में सिविल लाइन थाना प्रभारी उम्मेद सिंह व शहर कोतवाल संतोष त्यागी सहित हिन्दू नेता व व्यापारी नेता मौजूद रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।